>

Title: Need for stoppage of trains and augmentation of Rail services at Chandauli Railway Station in Uttar Pradesh.

श्री रामकिशुन (चन्दौली): उत्तर प्रदेश के जनपद वाराणसी एवं चंदौली स्थित रेल मण्डल वाराणसी एवं मुगलसराय से देश के विभिन्न कोनों से आने-जाने के लिए रेलगाड़ियां एवं मालवाहक गाड़ियां गुजरती हैं। मुगलसराय चंदौली जनपद में स्थित है। मुगलसराय से चंदौली जनपद मुख्यालय की दूरी 15 कि0मी0 है तथा टाउन एरिया है, लेकिन यहां कोई भी मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं है, जिससे स्थानीय लोगों को जनपद से अन्यत्र जाने हेतु मुगलसराय जाना पड़ता है। मुगलसराय रूकने वाली ट्रेनों में आरक्षण सीट किसी गाड़ी में नहीं है, तो किसी गाड़ी में नाम मात्र का कोटा है। जिसके कारण स्थानीय यात्रियों को आरक्षित सीट उपलब्ध नहीं हो पाता है। मुगलसराय से होकर ईएमयू लोकल गाड़ियां काफी कम हैं, जिससे दैनिक यात्री की भीड़ के कारण स्थानीय दैनिक यात्रियों में काफी रोष है।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि मुगलसराय जंक्शन से गुजरने वाली सभी गाड़ियों में आरक्षित सीट का कोटा बढ़ाया जाये एवं चंदौली रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली सभी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव के साथ ही उन सभी ट्रेनों में आरक्षण सुविधा चंदौली रेलवे स्टेशन पर उपलब्ध कराया जाये। दैनिक यात्रियों के लिए ईएमयू बनारस-मुगलसराय-चंदौली रेल खंड पर चलाया जाये जिसे गया जंक्शन तक विस्तार किया जाये एवं वरूणा एक्सप्रेस का विस्तारिक स्टेशन मुगलसराय किया जाये।